# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 16.09.2021 | -- | -- |

# हिंदी भाषा को उचित स्थान दिलाने के लिए करने होंगे सामूहिक प्रयास : प्रो. काम्बोज

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 16 सितम्बर : हिंदी भाषा को उचित स्थान दिलाने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। केवल एक दिन हिंदी दिवस के आयोजन से इस कार्य में सफलता नहीं मिलेगी। हिंदी को बढ़ावा देने के लिए अन्य लोगों को भी इसके प्रति प्रेरित करना होगा। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय की नेहरू लाइब्रेरी में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी के भ्रमण के उपरांत कहे। उन्होंने कहा कि हमारे देश का इतिहास, ग्रंथ, उपन्यास आदि अधिकतर हिंदी में ही हैं और ज्ञान के भंडार हैं। हिंदी भाषा बहुत ही समृद्ध है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा में देशवासी अपनी भावनाओं, विचारों और संदेशों को खुलकर व्यक्त कर सकता है। यह भाषा



बहुत ही सरल व संचार के लिए उपयुक्त मानी जाती है। कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में हिंदी भाषा में प्रकाशित पुस्तकें कृषि विज्ञान, भारतीय इतिहास एवं जीवनी, हिंदी संदर्भ ग्रंथ, भारतीय दर्शन, सामाजिक विज्ञान, धर्म आदि विषयों पर प्रदर्शनी लगाई। उन्होंने बताया कि इनका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक हिंदी भाषा को सम्मान देने के लिए किया गया था ताकि लोगों को देश के प्राचीन इतिहास को हिंदी में जानने का मौका मिले और इनके प्रति रूझान बढ़े। हमारे ऋषि मुनियों व पूर्वजों द्वारा दिए गए संदेश व ज्ञान का बोध हो ताकि उसे हमारे संस्कारों में शामिल कर सकें। इस दौरान कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और हिंदी की पुस्तकों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. एस.के. मेहता, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, अधिष्ठाता डॉ. अमरजीत कालड़ा, डॉ. विमला ढांडा, डॉ. एस.एस. सिद्धपुरिया, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, डॉ. राजीव पटेरिया, डॉ. सीमा परमार, डॉ. भानू प्रताप, डॉ. राजेंद्र सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 17.9.21 | 1 | 1-5 |

**प्रेरणा**

## एच.ए.यू. में बी.एससी., एम.एससी. की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

# 'आस्था ने माना गीता का कर्म सिद्धांत, रही अव्वल'

हिसार/हांसी, 16 सितम्बर (ब्यूरो/भुटानी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. एग्रीकल्चर 4 वर्षीय कोर्स, एम.एससी. होम साइंस व एम.एससी. एग्रीकल्चर कोर्सों की प्रवेश परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया।

श्रीमद्भगवद् गीता की शिक्षाओं से प्रेरणा पाकर हांसी की मंडी सैनियान की निवासी करीब 18 वर्षीय आस्था सैनी ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 4 वर्षीय बी.एस.सी. एग्रीकल्चर कोर्स की प्रवेश परीक्षा में 91.50 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे जहां आस्था के परिवार में खुशी है वहीं उसके निवास क्षेत्र मंडी सैनियान सहित पूरे हांसी क्षेत्र में खुशी है। आस्था की इस सफलता पर उसके पिता महात्मा ज्योतिबा फुले समाज सेवा समिति हांसी के प्रधान समाजसेवी रामकुमार सैनी एडवोकेट को लोगों की तरफ से लगातार बधाईयां मिल रही हैं। इसी के साथ यहां के एस.डी. कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत आस्था की शिक्षिका माता रिचा सैनी को भी बधाईयां प्राप्त हो रही हैं।

आस्था के पिता एडवोकेट रामकुमार सैनी ने बताया कि उन्होंने आस्था को पढ़ाई के दौरान गीता के कर्म सिद्धांत के बारे में बताया और कर्म सिद्धांत से प्रेरणा लेकर ही उसने अपनी पढ़ाई को जारी रखा व इस प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था ने कहा कि उसने कर्म पर ही ध्यान दिया और फल भगवान पर ही छोड़ दिया। यहां के श्री काली देवी विद्या मंदिर से दसवीं कक्षा पास करने के बाद दिल्ली में नानी के पास रहकर मेडिकल से बारहवीं पास करने वाली आस्था से जब उसकी सफलता के बारे में पूछा गया तो उसने अपनी सफलता का श्रेय सबसे पहले परमात्मा को दिया। उसने बताया कि परमात्मा



*आस्था सैनी के साथ खुशी मनाते उसके पिता रामकुमार सैनी व माता रिचा सैनी।* (भुटानी)

के बाद ही इस सफलता का श्रेय मेरे टीचर्स और मेरे माता पिता को जाता है। 3 बहनों में सबसे बडी आस्था यहां शहर के मंडी सैनियान एरिया से आती हैं और एक साधारण परिवार से उठकर उन्होंने सफलता को प्राप्त किया है। आस्था का कहना है कि इस तरह से मेरी सफलता से और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। आस्था ने बताया कि अभी हाल ही में उसने नीट का एग्जाम भी दिया है और अगर इसमें मौका मिलता है तो डाक्टर बनना चाहेंगी। लेकिन उसने साथ में यह भी कहा कि चाहे मैं कुछ भी बनूं लेकिन उसके कार्य क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य जनसेवा ही रहेगा। एडवोकेट रामकुमार सैनी ने कहा कि वे बेटियों को बेटों से भी ज्यादा मानते हैं और उनकी परवरिश बेटों जैसी की जा रही है।

## अमन व प्रेरणा ने भी मारी बाजी





*संगीता व गुंजन शर्मा।*

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि बी.एससी. एग्रीकल्चर 4 वर्षीय कोर्स की प्रवेश परीक्षा में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एम.एससी. होम साइंस की प्रवेश परीक्षा में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अम्बाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार बी.एससी. एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपूर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए 5 सितम्बर को बी.एससी. एग्रीकल्चर के 4 वर्षीय, एम.एससी. होम साइंस व एम.एससी. एग्रीकल्चर कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि.भूमि | 17.9.21 | 9 | 6-8 |

# बीएससी एग्रीकल्चर में आस्था प्रथम

■ एचएयू के बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपूर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 17.9.21 | 5 | 7-8 |

# बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था रही टॉपर

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 5 सितंबर को आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं।

कुलसचिव डॉ. एसके महता ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन एस्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और



एचएयू की टॉपर आस्था। संवाद

अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपुर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17-9-21 | 3 | 4 |

# बीएससी एग्रीकल्चर की प्रवेश परीक्षा में हांसी की आस्था प्रथम

जासं, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि ने बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों में प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 17-9-21 | 4 | 1 |

## कविता प्रतियोगिता में राहुल ने पाया प्रथम स्थान

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन विभाग द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया जिसका संचालन विभागाध्यक्ष डा. मंजू मेहता व डा. कविता दुआ ने किया। इस दौरान कविता प्रतियोगिता के लिए 39 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। इस दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका डा. जितेश काठपालिया व डा. कविता ने निभाई। कार्यक्रम की संयोजक डा. कविता दुआ ने बताया कि प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम, अनु ने दूसरा और हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 17.9.21 | 6 | 4 |

## कविता प्रतियोगिता में राहुल रहा प्रथम

हिसार, 16 सितम्बर (देवानंद सोनी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन विभाग द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया जिसका संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ ने किया। इस दौरान कविता प्रतियोगिता के लिए 39 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। इस दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. जितेश काठपालिया व डॉ. कविता ने निभाई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 17.6.21 | 2 | 3 |

## कविता प्रतियोगिता में राहुल ने बाजी मारी

सिटी रिपोर्टर • एचएयू इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान कॉलेज में पारिवारिक संसाधन विभाग ने कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा की देखरेख में ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता कराई। इसका संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ ने किया। 39 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. जितेश काठपालिया व डॉ. कविता ने निभाई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कविता दुआ ने बताया कि राहुल ने प्रथम, अनु ने दूसरा और हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल | 16.09.2021 | --- | --- |

# बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने हासिल किया पहला स्थान

**पल पल न्यूजः हिसार, 16 सितंबर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपूर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए 5 सितंबर को बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| भूमि. ज्योर | 16.09.2021 | -- | -- |

# बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स की प्रवेश परीक्षा में हांसी की आस्था रही प्रथम

हिसार/16 सितंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके महता ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपुर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 16.09.2021 | -- | -- |

### एचएयू के बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम घोषित

# बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने हासिल किया पहला स्थान

**पांच बजे न्यूज**



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपूर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए 5 सितंबर को बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 16.09.2021 | -- | -- |

# एचएयू के होम साइंस कॉलेज में कविता प्रतियोगिता का आयोजन




**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन विभाग द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया जिसका संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू मेहता व डॉ. कविता दुआ ने किया। इस दौरान कविता प्रतियोगिता के लिए 39 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया। इस दौरान निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. जितेश काठपालिया व डॉ. कविता ने निभाई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कविता दुआ ने बताया कि प्रतियोगिता में राहुल ने प्रथम, अनु ने दूसरा और हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को सर्टिफीकेट व प्रोत्साहन इनाम दिया जाएगा।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 16.09.21 | -- | -- |


# बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने हासिल किया पहला स्थान





सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपूर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए 5 सितंबर को बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था।

13

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 16.09.21 | -- | -- |

# एचएयू के बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम घोषित

## बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने हासिल किया पहला स्थान

**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 16 सितम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.के. महता ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय कोर्स में हांसी की आस्था ने 91.50 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया जबकि हांसी के ही अमन ने 91.50 अंकों के साथ दूसरा और भूना की प्रेरणा ने 90.50 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार एमएससी होम साइंस में हिसार की अर्बन स्टेट निवासी संगीता ने 83 अंकों के साथ प्रथम, अटेली जिला महेंद्रगढ़ की नीतू ने 81 अंकों के साथ दूसरा और अंबाला के चटान गांव की आरजू सैनी ने 79 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी



प्रकार एमएससी एग्रीकल्चर में पानीपत के जाटल गांव की गुंजन शर्मा 90 अंकों के साथ प्रथम, सोनीपत के तेजपूर गांव के गुलशन 88 अंकों के साथ दूसरे जबकि भिवानी की कोमल 85 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों का पालन करते हुए 5 सितंबर को बीएससी एग्रीकल्चर के चार वर्षीय, एमएससी होम साइंस व एमएससी एग्रीकल्चर कोर्सों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था।